# अस्तित्व की लड़ाई: बिना साफ हुए दिल्ली में सीवेज से फूल रही यमुना की सांस

**नईदिल्ली।** बगैर साफ किए सीवेज सीधे यमुना में मिल रहा है। इसकी मात्रा करीब 187.82 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) है। इसका खुलासा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट में हुआ है। दिल्ली से निकलने वाले सीवेज की तुलना में यहां इसे शोधित करने की क्षमता कम है। बगैर साफ किए सीवेज सीधे यमुना में मिल रहा है। इसकी मात्रा करीब 187.82 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) है। इसका खुलासा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट में हुआ है। बोर्ड ने यह रिपोर्ट राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सौंपी है। यमुना की हालत दिन प्रति दिन खराब हो रही है। निरीक्षण के बाद एनजीटी को रिपोर्ट में कई खामियां मिली हैं। इस पर सलाह देते हुए एनजीटी ने दो हफ्ते के भीतर सीपीसीबी और दिल्ली जल बोर्ड को नई रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। सीपीसीबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में अनुमानित सीवेज उत्पादन 792 एमजीडी है, जबकि यहां लगे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता केवल 712 एमजीडी है। इसमें से अभी 604.18 एमजीडी का ही शोधन हो रहा है। दूसरी तरफ रिपोर्ट बताती है कि दिसंबर 2024 खत्म होने तक एसटीपी की स्थापित क्षमता 814 एमजीडी होने का अनुमान है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा समय में चल रहे एसटीपी अपनी पूरी क्षमता पर काम भी नहीं कर रहे हैं। 375.4 एमजीडी क्षमता वाले 18 एसटीपी ही जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) और कुल निलंबित ठोस (टीएसएस) के डिजाइन किए गए मापदंडों पर काम कर रहे हैं। वहीं, 497.16 एमजीडी की कुल क्षमता वाले 22 एसटीपी को बीओडी और टीएसएस के लिए डिजाइन किए गए मापदंडों पर विकसित या उन्हें नया बनाया जा रहा है। इसमें कहा कि 62.66 एमजीडी की क्षमता वाले शेष एसटीपी प्रस्ताव चरण में हैं। दूसरी तरफ नजफगढ़ नाले के छोटे-छोटे शोधन प्लांट लगने हैं।



इस तरह के 40 प्लांट की क्षमता 92 एमजीडी होगी। अदालत यमुना नदी के किनारे दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की तरफ से स्थापित एसटीपी के खराब प्रदर्शन से जुड़े मामले की जांच कर रहा है। अदालत ने कहा डीजेबी की रिपोर्ट में फीकल कोलीफॉर्म के संदर्भ में एसटीपी के उपचारित अपशिष्टों की विश्लेषण रिपोर्ट का भी खुलासा नहीं किया है। ऐसे में अदालत ने सीपीसीबी और डीजेबी को निर्देश किया कि वे उपरोक्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए दो हफ्ते के अंदर आगे की रिपोर्ट दाखिल करें।

निगरानी किए गए 38 एसटीपी में से केवल दो (कोरोनेशन पिलर न्यू और कोंडली- चरण-द्ब) फीकल कोलीफॉर्म गणना के मानकों का अनुपालन कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा लेखकों को रतन टाटा छात्रवृत्ति देगा नमो केंद्र, 50 हजार की वित्तीय सहायता भी मिलेगी

**नईदिल्ली।** रतन टाटा छात्रवृत्ति लेखकों को देश के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य को आकार देने में रतन टाटा की परिवर्तनकारी भूमिका का दस्तावेजीकरण करने को प्रेरित करने के लिए शुरू की गई है। नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र (नमो केंद्र) ने दिवंगत उद्योगपति रतन नवल टाटा के जीवन, उपलब्धियों और विरासत पर किताबें लिखने के इच्छुक लेखकों के लिए प्रतिष्ठित रतन टाटा छात्रवृत्ति शुरू करने की घोषणा की है। रतन टाटा छात्रवृत्ति लेखकों को देश के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य को आकार देने में रतन टाटा की परिवर्तनकारी भूमिका का दस्तावेजीकरण करने को प्रेरित करने के लिए शुरू की गई है। नमो केंद्र के अध्यक्ष प्रो. जसीम मोहम्मद ने इस बात पर जोर दिया कि छात्रवृत्ति का उद्देश्य रतन टाटा के जीवन और कार्य के बारे में उच्च गुणवत्ता वाले, अच्छी तरह से शोध किए गए साहित्य को बढ़ावा देना और युवा लेखकों व शोधकर्ताओं को देश और दुनिया में उनके योगदान के बहुमुखी आयामों का पता लगाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि रतन टाटा का नेतृत्व न केवल व्यवसाय में, बल्कि स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में भी प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि नमो केंद्र ने उनके जीवन, मूल्यों और उपलब्धियों पर केंद्रित पुस्तक सारांश प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया है। छात्रवृत्ति कार्यक्रम रतन टाटा की उल्लेखनीय यात्रा पर केंद्रित दो पुस्तकों, एक अंग्रेजी और एक हिंदी के निर्माण का समर्थन करेगा। जिन लेखकों के सारांश चुने जाएंगे।

### फिर स्कूल को बम से उड़ने की धमकी, पुलिस ने चप्पा-चप्पा खंगाला, फर्जी निकली सूचना

**नईदिल्ली।** बम की सूचना पर पुलिस मौके पर है। इससे पहले बीते 13 दिसंबर को भी स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले थे। 30 से अधिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने इसे फर्जी कॉल करार दिया था। दिल्ली में एक बार फिर स्कूल को बम से उड़ने की धमकी मिली है। शुक्रवार तड़के 5.02 बजे द्वारका सेक्टर तीन स्थित डीपीएस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ साथ बम निरोधक दस्ता और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। चप्पे-चप्पे की तलाशी के दौरान वहां से कोई विस्फोटक नहीं मिला। बाद में सूचना को फर्जी करार दिया गया। इससे पहले भी समय-समय पर अलग-अलग स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलती रही हैं। लेकिन जांच पड़ताल में पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलता। दमकल अधिकारी ने बताया कि इसी बीच 8.07 बजे राफ्ता मोड़ जाफरपुर कलां स्थित न्यू कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की जानकारी मिली। पुलिस की टीम वहां जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस यहां जांच कर ही रही थी कि 8.39 बजे पुलिस को बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित विशाल भारती पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दिए जाने की जानकारी मिली है। पुलिस, बम निरोधक दस्ता और दमकल विभाग के कर्मी स्कूल की गहन तलाशी शुरू कर दी है।

### सड़क पर लापरवाह दिल्लीवाले! इस साल 15 दिसंबर तक 20 लाख से ज्यादा चालान कटे

**नईदिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इस साल चालान काटने का नया रेकॉर्ड कायम कर दिया। साल खत्म होने में अभी करीब 10 दिन बचे हैं, लेकिन उसके पहले ही ट्रैफिक पुलिस पिछले साल का आंकड़ा पार करके अब तक करीब सवा 3 लाख ज्यादा चालान काट चुकी है। पिछले साल 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2023 तक ट्रैफिक पुलिस ने कुल 17,26,510 चालान काटे थे, जबकि इस साल ट्रैफिक पुलिस ने यह आंकड़ा पार करते हुए कुल 20,48,622 चालान काट दिए हैं, जो 2020 में काटे गए कुल चालानों के मुकाबले लगभग दोगुने हैं। खास बात यह भी है कि इन 20 लाख चालानों में 10 लाख से ज्यादा चालान विदाउट वैलिड पल्यूशन सर्टिफिकेट के गाड़ी चलाने और अवैध पार्किंग में खड़ी गाड़ियों के हैं। क्ष्ट के चालानों के मामले में भी ट्रैफिक पुलिस ने इस साल एक नया रेकॉर्ड कायम करते हुए पिछले साल के मुकाबले तीन गुना से भी ज्यादा चालान काटे हैं। पिछले साल विदाउट PUC के कुल 1,66,301 चालान कटे थे, जबकि इस साल 15 दिसंबर तक ट्रैफिक पुलिस विदाउट PUC के 5,17,203 चालान काट चुकी थी। वहीं, अवैध पार्किंग के मामले में भी 5,03,354 चालान काटे जा चुके हैं। हाल ही में दोबारा लगाए गए ग्रैप-4 के तहत भी पिछले तीन दिनों में विदाउट पल्यूशन सर्टिफिकेट के चल रही 18,384 गाड़ियों के चालान काटे जा चुके हैं।

## भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी को संसद परिसर में घुसने नहीं दिया :संदीप दीक्षित

**नई दिल्ली,।** संसद परिसर में गुरुवार सुबह भाजपा और कांग्रेस सांसदों के बीच हुई धक्का-मुक्की मामले में अब कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि सभी को वीडियो देखना चाहिए, इसमें साफ दिख रहा है कि राहुल गांधी को संसद परिसर में घुसने नहीं दिया गया है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा, मैंने वीडियो देखा है और उससे साफ-साफ पता चल जाएगा कि किसको धक्का लगा और किसको धक्का नहीं लगा है। मैं आपसे यही कहूंगा कि पहले मीडिया को उस वीडियो को चलाना चाहिए। मैंने भी खुद उस वीडियो को देखा है, जिसमें दिख रहा है कि राहुल गांधी संसद परिसर में जाने की कोशिश करते हैं, लेकिन भाजपा के लोगों ने उनको घुसने नहीं दिया।

उन्होंने आगे कहा, भाजपा के नेताओं ने उनका विरोध किया और धक्का-मुक्की भी की, जिसके बाद राहुल गांधी वहीं से वापस चले गए। आप अगर उस वीडियो को देखेंगे तो अपने-आप सच्चाई स्पष्ट हो जाएगी कि भाजपा के सांसदों की क्या साजिश थी। संदीप दीक्षित ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ही नहीं, पूरा देश आंदोलित है। जिस तरीके से गृह मंत्री ने बाबा साहेब का नाम एक मजाक के तौर पर लिया। हमें यह भी मालूम है कि भाजपा ने कभी भी बाबा साहेब की बात पर यकीन नहीं किया है और न ही संविधान को कोई सम्मान दिया है।

## वसंतकुंज में होटल की छत से कूदकर महिला ने की आत्महत्या, प्रीत विहार में सिर पर डंबल मार कर हत्या

**नईदिल्ली।** महिला दीया सैनी (49) के 10 वर्षीय बेटे की मौत से अवसाद का शिकार हो गई थीं। इस घटना के बाद क्लब की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। दक्षिण-पश्चिमी जिले के वसंतकुंज (नॉर्थ) में एक महिला ने बेटे के गम में इम्पीरियल होटल की छत से कूदकर जान दे दी। महिला दीया सैनी (49) के 10 वर्षीय बेटे की मौत से अवसाद का शिकार हो गई थीं। इस घटना के बाद क्लब की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार मृतका दीया सैनी सेक्टर बी-1 वसंतकुंज में पति विशाल सिंह के साथ रहती थी। उनके पति गुरुग्राम स्थित एक बैंक में मैनेजर हैं। पुलिस ने बताया कि ब्लड कैंसर से उनके 10 वर्षीय बेटे की मौत हो गई थी। इसके बाद वह बेटे के गम में गुमसुम रहती थीं। इसके बाद वह डिप्रेशन में चली गईं। महिला 17 दिसंबर की सुबह करीब 10 बजे क्लब पहुंचीं। इसके बाद वह छत पर गईं और चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। पीड़िता को पास के फोर्टीज अस्पताल ले जाया गया, जहां




डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना से एक दिन पहले मृतका क्लब में आयोजित पारिवारिक पार्टी में शामिल हुई थीं। बताया जा रहा है कि इस दौरान ही उन्होंने छत पर जाने का रास्ता व छत आदि का पता कर दिया लिया था। पार्टी के अगले दिन वह सुबह उसी इंपीरियल क्लब में पहुंच गई और छलांग लगा दी। पुलिस अधिकारी क्लब की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं।

**ये सवाल है :** महिला क्लब की सदस्य नहीं थी वह फिर क्लब में कैसे अंदर चली गई। इसके बाद वह छत पर चली गई किसी ने देखा नहीं। छत पर स्वीमिंग पुल है। स्वीमिंग पुल में अटेंडेंट 24 घंटे तैनात रहता है फिर घटना के समय अटेंडेंट क्यों नहीं था। सिर पर डंबल मारकर साथी की हत्या प्रीत विहार इलाके में बुधवार देर रात एक फूड कॉर्नर पर काम करने वाले एक कर्मचारी ने झगड़े के दौरान अपने साथी के सिर पर डंबल मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान नेपाल निवासी प्रकाश के रूप में हुई है। पुलिस ने फूड कॉर्नर की मालकिन के बयान पर गैर इरादतन हत्या और साक्ष्य को छिपाने का मामला दर्ज कर लिया है।

## नैनो प्लास्टिक कणों से बढ़ रहा बांझपन और नपुंसकता का खतरा, एम्स प्रोफेसर ने किया आगाह

**नईदिल्ली।** एम्स की एनाटॉमी विभाग की प्रोफेसर डॉ. रीमा दादा ने बताया कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) के साथ दूसरे प्लास्टिक युक्त सामान का इस्तेमाल कर रहे हैं। धीरे-धीरे इसका स्तर काफी छोटा हो जाता है और यह हवा, पानी, खाने के साथ शरीर में पहुंच जाता है। पानी, हवा सहित विभिन्न तरीकों से शरीर में पहुंच रहा नैनो प्लास्टिक कण बांझपन, नपुंसकता सहित दूसरे घातक रोग दे रहा है। जेएसएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हुए सम्मेलन में माइक्रो प्लास्टिक विषय पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों का कहना है कि 5 मिलीमीटर से छोटे प्लास्टिक के कण हवा, पानी, खानपान में मिलकर शरीर में पहुंच जाते हैं। यह शरीर के कई अंगों को प्रभावित करते हैं। धीरे-धीरे समस्या गंभीर होती है। विभिन्न शोध बताते हैं कि एक व्यक्ति साल भर में 11 हजार से लेकर 1.93 लाख तक माइक्रो प्लास्टिक कण निगल जाता है। इसके लिए किए गए शोध में नल के पानी, बोतलबंद पानी, बीयर, नमक सहित अन्य



पेय पदार्थों में माइक्रो प्लास्टिक पाए गए। एम्स की एनाटॉमी विभाग की प्रोफेसर डॉ. रीमा दादा ने बताया कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) के साथ दूसरे प्लास्टिक युक्त सामान का इस्तेमाल कर रहे हैं। धीरे-धीरे इसका स्तर काफी छोटा हो जाता है और यह हवा, पानी, खाने के साथ शरीर में पहुंच जाता है। शरीर के अंग के साथ टिश्यू में घर कर जाता है। यह सर्टोली सेल्स, जेम्स सेल सहित अन्य को प्रभावित करते हैं। इसके कारण शरीर के कई अंगों को काफी नुकसान हो सकता है। इससे महिलाओं में बांझपन, पुरुष में नपुंसकता, मधुमेह, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर, थायराइड, कैंसर सहित दूसरे रोग होने की आशंका बढ़ जाती है। एक शोध के दौरान चूहों पर देखा गया कि जब उन्हें ज्यादा प्लास्टिक दिया गया तो इनकी ओवरी खराब हुई। ओवरी को सुरक्षित रखने वाले सेल भी प्रभावित हुए। इसके कारण ओवेरियन रिजर्व कम हुआ।

इसके कारण पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस), बांझपन की समस्या हो सकती है।

## डॉ. आंबेडकर का ऐसा अपमान भारत बर्दाश्त नहीं करेगा'

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव आंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर राजनीतिक हंगामा बरपा हुआ है। विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ही एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।

इस मामले को लेकर एक बार फिर से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का बयान सामने आया है। प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह की डॉ. भीमराव आंबेडकर के बारे में की गई टिप्पणी की निंदा की। प्रियंका गांधी ने कहा कि भारत में इस तरह का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**वे अब विपक्ष से डरे हुए हैं- प्रियंका गांधी** मीडिया से बात करते हुए प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, वे जानते हैं कि आंबेडकर जी के लिए उनकी सच्ची भावनाएं सामने आ चुकी हैं। इसलिए, वे अब विपक्ष से डरे हुए हैं क्योंकि हम इस मुद्दे को उठा रहे हैं। इस मामले से राष्ट्रहित जुड़ा हुआ है। हमारा संविधान आंबेडकर जी, इस देश के लोगों और हमारे स्वतंत्रता संग्राम ने दिया है। उनका ऐसा अपमान भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।

उन्होंने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर अडानी मामले पर चर्चा करने से डरने का भी आरोप लगाया।उन्होंने कहा, यह सरकार डरी हुई है। यह सरकार अडानी मामले पर चर्चा करने से डरती है। यह कोई भी चर्चा करने से डरती है।

**भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज कराया केस** वायनाड से कांग्रेस सांसद ने भाजपा द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस में 'हमला और उकसावे' के लिए शिकायत दर्ज




कराने की भी निंदा की और कहा कि केंद्र सरकार ने हताशा में 'झूठी' और 'आधारहीन' एफआईआर दर्ज की हैं।

उन्होंने कहा, यह सरकार की हताशा है। वे इतने हताश हैं कि वे झूठी एफआईआर दर्ज कर रहे हैं। राहुल जी कभी किसी को धक्का नहीं दे सकते। मैं उनकी बहन हूं, मैं उन्हें जानती हूं। वे ऐसा कभी नहीं कर सकते। सच कहूं तो देश भी यह जानता है। देश देख रहा है कि वे कितने हताश हैं कि वे आधारहीन एफआईआर दर्ज कर रहे हैं। ये सब ध्यान भटकाने वाली बातें हैं।

गुरुवार को एनडीए और इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया, जब दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हुई, जिसमें दो भाजपा सांसद घायल हो गए।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डर नं : PU-CNB-ST-CPA-EI-T66-2024 दिनांक: 17.12.2024

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभि / परियोजना / कानपुर, द्वारा ई-टेंडर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दो-पैकेट सिस्टम पर खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। यदि निविदा खुलने की तारीख पर अवकाश घोषित होता है या तकनीकी वजह से निविदा तय तिथि पर नहीं खुलती है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जाएगी।

**कार्य का नाम:** प्रयागराज मंडल के कानपुर अनवरगंज स्टेशन के इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम द्वारा मौजूदा पैनल इंटरलॉकिंग के प्रतिस्थापन के संबंध में इनडोर और आउटडोर कार्य की आपूर्ति डिजाइनिंग स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग।

**कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 7,11,24,375.89/- सात करोड़ ग्यारह लाख चौबीस हजार तीन सौ पिचहत्तर रुपये एवं नेवासी पैसा मात्र।

**धरोहर राशि:** Rs. 5,05,600/- रु. पांच लाख पांच हजार छह सौ मात्र

**निविदा प्रपत्र राशि:** कुछ नहीं | **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 माह

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र वेब पोर्टल www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे।

**निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** दिनांक 10.01.2025, 15:00 बजे तक।

**निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 10.01.2025, 15:30 बजे।

**निविदा खुलने का स्थान:** निविदा उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभि / परियोजना / कानपुर के कार्यालय में ऑनलाइन पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा खोली जाएगी।

**ऑफर की वैधता:** खुलने की तिथि से 60 दिन तक।

**निविदा डीलिंग हेतु रेलवे का अधिकार:** रेलवे प्रशासन को किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित / संसोधित / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिना धरोहर राशि के निविदाए निरस्त कर दी जाएगी। निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण रेलवे की वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं। www.ireps.gov.in पर आमंत्रित किसी भी निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक निविदाकारों को www.ireps.gov.in पर पंजीकरण करना अनिवार्य है। विस्तृत विवरण वेब साईट पर अवश्य देखें। 2154/24 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं० 2024-दिसम्बर-03 दिनांक 18.12.24

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये **"खुली निविदा"** ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं : 2024-दिसम्बर-03-01** | **अनुमानित लागत रू. :** 1725600.00

**कार्य का विवरण :** आगरा मंडल में पी.सी.ई सर्कुलर संख्या 122 (संशोधित) के अनुसार ए.आर.टी के लिए विविध कार्य।

**निविदा सं : 2024-दिसम्बर-03-02** | **अनुमानित लागत रू. :** 921561.12

**कार्य का विवरण :** आगरा फोर्ट स्टेशन पर एस.टी.पी क्षमता 50 के.एल.डी.के संचालन एवं रख-रखाव हेतु 24 माह का कार्य।

- निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
- निविदायें केवल वेबपोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 10.01.25 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2155/24 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्या:** झाँसी-इन्जी.-ई-2024-226, **कार्य का नाम:** पार्ट "ए" प्रपोजल फॉर प्रोविजन ऑफ पोर्टल हट एट 45 स्टेशन अंडर सीनियर डीईएन/ईस्ट सेक्शन एंड 22 स्टेशन अंडर सीनियर डीईएन/नार्थ सेक्शन एज पर अटैच्ड लिस्ट। पार्ट "बी" प्रोविजन ऑफ़ इलेक्ट्रिक सब स्टेशन बिल्डिंग एंड स्टाफ ड्यूटी रूम एट चित्रकूटधाम कर्वी।

**अनुमानित लागत (₹):** ₹ 72,34,729.02 | **अमानत राशि (₹):** ₹ 1,44,700.00

**निविदा बन्द होने की तिथि :** 10.01.2025 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह

(1) निविदा दिनांक 10.01.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। (2) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखें। 2158/24 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर रेलवे**

**नीलामी सूचना सं. मार्च–2025**

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेलपथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भरणकर्ताओं को बिक्री किया जाएगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे।

**मार्च–2025 की ई–नीलामी**

| क्र. सं. | नीलामी जमा करने वाला डिपो/डिवीजन | नीलामी समय | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | चतुर्थ चरण | पंचम चरण | षष्ठ चरण | सप्त चरण | अष्ट चरण | नव चरण | दस रचरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आलमबाग/लखनऊ 0522-2451257 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 6 | 8 | 12 | 17 | 19 | 22 | 25 | 27 | 29 |
| 2. | शकूरबस्ती: 011-27015387 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 6 | 8 | 12 | 17 | 19 | 22 | 25 | 27 | 29 |
| 3. | जगाधरी: 01732-252388 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 6 | 8 | 12 | 17 | 19 | 22 | 25 | 27 | 29 |
| 4. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ: 0522-2234756 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 7 | 10 | 13 | 18 | 21 | 24 | 26 | 27 | 28 |
| 5. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर: 01632-244154 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 7 | 10 | 13 | 18 | 20 | 24 | 26 | 27 | 28 |
| 6. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अंबाला: 0171-2611203 | 10:00 पूर्वाह्न | 5 | 8 | 11 | 13 | 17 | 19 | 21 | 25 | 27 | 28 |
| 7. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद: 0591-2413141 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 7 | 10 | 13 | 18 | 21 | 24 | 26 | 27 | 28 |
| 8. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली: 011-23365311 | 10:00 पूर्वाह्न | 5 | 8 | 11 | 13 | 17 | 19 | 21 | 25 | 27 | 28 |

नोट: नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे:– 1. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 2. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 3. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

संख्या: 117-एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2024-25 दिनांक: 18.12.2024 3895/2024

SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE

**उत्तर रेलवे**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय

प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली–110 001, Mail ID: salenr365@gmail.com

**नीलामी सूचना सं. फरवरी–2025**

संख्या: 177–एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2024–25 दिनांक : 18.12.2024

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेलपथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/ रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को ब्रिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे।

**फरवरी–2025 की ई–नीलामी**

| क्र. सं. | नीलामी करने वाला डिपो/डिवीजन | नीलामी समय | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | चतुर्थ चरण | पंचम चरण | षष्ठ चरण | सप्त चरण | अष्ट चरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522-2451257 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 8 | 12 | 15 | 19 | 22 | 24 | 28 |
| 2 | शकुरबस्ती 011-27015387 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 8 | 12 | 15 | 19 | 22 | 24 | 28 |
| 3 | जगाधरी 01732-252388 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 8 | 12 | 15 | 18 | 22 | 24 | 28 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522-2234756 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 7 | 11 | 14 | 18 | 21 | 25 | 28 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर 01632-244154 | 10:00 पूर्वाह्न | 5 | 7 | 11 | 14 | 18 | 21 | 25 | 28 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला 0171-2611203 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 6 | 10 | 13 | 17 | 21 | 25 | 28 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591-2413141 | 10:00 पूर्वाह्न | 5 | 7 | 11 | 14 | 18 | 21 | 25 | 28 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली 011-23365311 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 6 | 10 | 13 | 17 | 21 | 25 | 28 |

नोट : नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे। 1. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 2. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 3. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें।

(नरेंद्र सिंह)
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी

3894/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ